हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

11 श्रीमद्भागवत के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



12 हायर सेकंडरी मोहरा में हुआ युवा सम्मेलन





SHRIRAM HOSPITAL Founded on faith, focused on health
श्रीराम हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
रायपुर रोड, लिमाही-बलौदा बाजार (छ.ग.)
(प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सक)
MBBS, MD (MEDICINE) FOUNDER & CHIEF MEDICAL DIRECTOR | MBBS, DNB (MEDICINE) चिकित्सा निदेशक | MBBS, DCH (Pediatric) शिशु रोग विशेषज्ञ | MBBS, MS (ORTHO) | MBBS DGO (OBS & GYNAE) प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ | MBBS MCH (UROLOGY) किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ | MBBS, DNB जनरल सर्जन | MBBS, MD निश्चेतना विशेषज्ञ | MBBS, MS (Ophth.) नेत्र रोग विशेषज्ञ | BPT फिजियोथेरेपिस्ट
आयुष्मान भारत योजना/स्मार्ट कार्ड/राशन कार्ड, ESIC, BSNL, FCI, CSPDCL एवं समस्त प्रकार के हेल्थ इंश्योरेंस (TPA) द्वारा कैशलेस ईलाज की सुविधा उपलब्ध!
श्रीराम हॉस्पिटल रायपुर रोड, लिमाही-बलौदा बाजार (छ.ग.) 9851322220, 9551322220 SHRI RAM HOSPITAL @srhbalodabazar www.shriramhospitalbb.com

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
15 जुलाई 2026
कूपन नं. 3

# खर्वे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने वाले पुलिस टीम के 26 अफसर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले के कसडोल क्षेत्र अंतर्गत बहुचर्चित पुराना खर्वे सुहागा (जहर) खुरानी कांड का पर्दाफाश कर आठ ग्रामीणों की मौत के रहस्य से पर्दा उठाने वाली पुलिस टीम को सोमवार को विशेष सम्मान दिया गया। एसपी ओ.पी. शर्मा ने कसडोल पहुंचकर इस जटिल और संवेदनशील मामले की वैज्ञानिक विवेचना करने वाले 26 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसपी शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि, मामले में पुलिस ने अत्यंत पेशेवर ढंग से कार्य करते हुए वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई। इससे न केवल आरोपी को कानून के शिकंजे तक पहुंचाया जा सका, बल्कि आम जनता का पुलिस और न्याय व्यवस्था पर विश्वास भी मजबूत हुआ। अधिकारियों में उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक, थाना प्रभारी कसडोल निरीक्षक प्रवीण मिंज, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रणाली वैद्य, चौकी प्रभारी गिरौदपुरी अश्वनी पडवार सहित कुल 26 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे, जिन्होंने इस बहुचर्चित हत्याकांड की विवेचना और आरोपी की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सम्मान समारोह ने पूरी पुलिस टीम का मनोबल बढ़ाया और जिले में उत्कृष्ट पुलिसिंग के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को भी मजबूत संदेश दिया।

## शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर जान लेने के मामले की जांच में शामिल थे अफसर

### दिन-रात मेहनत करने वाली टीम का बढ़ाया हौसला

सम्मान समारोह में एसपी ओ.पी. शर्मा ने कहा कि यह मामला पुलिस के लिए बड़ी चुनौती था। टीम ने लगातार मेहनत, सूक्ष्म विवेचना और वैज्ञानिक जांच के जरिए एक-एक कड़ी जोड़ते हुए सच्चाई सामने लाई। ऐसे उत्कृष्ट कार्य पुलिस बल के लिए प्रेरणा हैं और भविष्य में भी इसी तरह निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।







### कब्र से शव निकालकर जुटाए गए वैज्ञानिक साक्ष्य

गौरतलब है कि ग्राम पुराना खर्वे निवासी रामसहाय जायसवाल पर आरोप है कि उसने पुरानी रंजिश के चलते गांव के आठ ग्रामीणों को शराब में सुहागा (जहर) मिलाकर पिला दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताए जाने पर कसडोल ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### एनडीपीएस के आरोपी को कैद के साथ जुर्माना

**रायपुर।** एनडीपीएस के प्रकरण में विशेष न्यायाधीश शैलेश शर्मा की एनडीपीएस कोर्ट ने एक आरोपी को चार वर्ष कैद के साथ 40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मो. रियाज खोखर उर्फ तेली को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मुखबिर की सूचना पर कबीर नगर थाने की पुलिस ने उसे रिंगरोड क्रमांक-2 स्थित सोनडोंगरी नाला के पास घेराबंदी कर पकड़ा था। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 416 ग्राम चरस जब्त की गई थी।

### नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार रात एसीपी ट्रैफिक सतीश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम द्वारा शहर के 9 प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आधुनिक ब्रीथ एनॉलॉइजर मशीनों की सहायता से वाहन चालकों की जांच की गई। जिसमें 27 कार, 3 पिकअप, 3 दोपहिया एवं 2 ई-रिक्शा कुल 35 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। सभी के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** मानसिक रूप से कमजोर एक युवती की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। बसना पुलिस को जगदीश पटेल पिता अंतोक पटेल (58 साल) बागमाड़ा चौकी भंवरपुर ने बताया कि उसकी भतीजी कीर्ति बाई पटेल जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसे 12 जुलाई की रात को ग्राम बोईरडीह के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक ने ठोकर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एमओटी, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## फैसला : सभी जनपद पंचायतों में होगा पौधारोपण

# सेवा सेतु के माध्यम से बनेंगे राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

चालू मानसून सीजन में व्यापक पैमाने पर पौधरोपण के उद्देश्य से जिले के सभी जनपद पंचायतों में विकासखंड स्तरीय पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा के दौरान वृक्षारोपण हेतु आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।युवाओ को दी गई नियुक्ति पत्र- जिले की नावाचारी पहल हम होंगे कामयाब पोर्टल के माध्यम से विभिन्न कंपनियों में नौकरी प्राप्त करने वाले 10 युवाओ को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए युवाओ को बधाई दी और इस पोर्टल में ▶▶ शेष पेज 11 पर



### गांव में मुक्तिधाम व शेड निर्माण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश

कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया को पारदर्शी व सुगम बनायी जा रही है। अब राशन कार्ड सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने से बन जाएगा। हितग्राहियों को जनपद कार्यालय का चककर नहीं लगाने पड़ेगा और समय सीमा में राशन कार्ड बन जाएगा। उन्होंने खाद्य अधिकारी और जनपद सीईओ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। गांव में मुक्तिधाम निर्माण, मरम्मत एवं शेड निर्माण को लेकर कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी जनपद सीईओ को स्पष्ट निर्देश दिये कि सभी अच्छी तरह जांच करवा लें कि किस ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम निर्माण शेष हैं या मरम्मत योग्य हैं तथा शेड निर्माण नहीं हुआ है। जिस भी ग्राम पंचायत में आवश्यक हैं वहां शीघ्र निर्माण के लिये प्रस्ताव तैयार कराएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही होने पर सबंधित की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### दिव्यांग नोहर को मिली ट्राइसाइकिल

**बलौदाबाजार।** जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल और जनदर्शन कार्यक्रम के त्वरित निराकरण का एक और उदाहरण सामने आया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जनदर्शन में दिव्यांग नोहर दास बघेल को ट्रायसिकल प्रदान किया। ग्राम बलौदी, विकासखंड पलारी निवासी नोहर दास बघेल ने जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा के समक्ष अपनी दिव्यांगता से जुड़ी समस्या रखी। उन्होंने बताया कि एक दुर्घटना में



उनका दायां पैर कट जाने के कारण उन्हें दैनिक आवागमन और सामान्य कार्य करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री शर्मा ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश के पालन में समाज कल्याण विभाग द्वारा उसी समय नोहर दास बघेल को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। ट्राइसाइकिल मिलने से प्रसन्न नोहर दास बघेल ने कहा कि अब उन्हें आने-जाने और अपने दैनिक ▶▶ शेष पेज 11 पर

# अटल कॉमन सर्विस सेंटर से ग्रामीणों के काम हुए आसान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले के जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत नवनिर्मित तहसील सोनाखान के दूरस्त वनांचल ग्राम बार से एक बड़ा मामला सामने आया है। केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के तहत गांव में संचालित अटल कॉमन सर्विस सेंटर चॉइस सेंटर से मिल रही सुविधाओं ने जहां एक ओर सैकड़ों गरीब आदिवासियों और ग्रामीणों की जिंदगी आसान कर दी है, तो वहीं दूसरी ओर ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ क्षेत्रवासियों को बिचौलियों से मिली मुक्ति

### घर बैठे मिल रही हैं बैंकिंग और राजस्व सुविधाएं

सोनाखान तहसील का यह वनांचल क्षेत्र भौगोलिक रूप से काफी दुर्गम है।पूर्व में ग्रामीणों को महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि, आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र, ऑनलाइन बी-1, खसरा निकालने और एग्रीस्टेक पोर्टल पर धान खरीदी पंजीयन जैसे छोटे-छोटे कामों के लिए कसडोल जनपद या सोनाखान तहसील मुख्यालय व बया पिथौरा के चक्कर काटने पड़ते थे। अब ग्राम बार में ही अटल सीएससी सेंटर खुल जाने से ग्रामीणों को आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के जरिए गांव में ही सरकारी पेंशन और मजदूरी की राशि सीधे नकद मिल रही है।

### प्रशासनिक दबाव बनाने की साजिश से ग्रामीण चिंतित

अपनी बंद होती काली कमाई से परेशान होकर कुछ रसूखदार लोग लामबंद हो गए हैं।वे प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों पर झूठे आरोप लगाकर या दबाव बनाकर ग्राम बार के इस अटल पंचायत सीएससी सेंटर को बंद कराने या संचालक को प्रताड़ित करने का प्रयास कर रहे हैं।वही ग्रामीणों का कहना है, यह सेंटर हमारे लिए जीवनदायिनी है। बैंकिंग सेवाओं से पूरी तरह संतुष्ट हैं।वे जिस लोकेशन पर भी काम कर रहे हैं वहाँ से ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिल रही है।अगर रसूखदारों के दबाव में आकर इसे बंद किया गया,तो हमें फिर से बिचौलियों के आगे घुटने टेकने पड़ेंगे।

### रसूखदारों और बिचौलियों की परेशानी का असली कारण

स्थानीय ग्रामीण सूत्रों के अनुसार,सीएससी सेंटर शुरू होने से पहले क्षेत्र के कुछ रसूखदार,कोचिये और बिचौलिए बेहद सक्रिय थे।ये लोग अशिक्षित और सीधे-साधे ग्रामीणों को बैंक से पैसे निकलवाने या सरकारी दफ्तरों से काम कराने के बहाने शहर ले जाते थे और उनके पैसों में से मोटा कमीशन काट लेते थे।अब डिजिटल पारदर्शिता आने और सीएससी के माध्यम से ऑनलाइन कार्य होने से रसूखदारों द्वारा ग्रामीणों की जमीनों और धान बेचने के रिकॉर्ड में की जाने वाली हेराफेरी अब असंभव हो गई है। ग्रामीणों को डरा-धमका कर आर्थिक नुकसान पहुँचाने का खेल बंद हो चुका है।

# युवती से छेड़छाड़ व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर में महिला से अश्लील हरकत करने और बीच-बचाव करने आए परिजनों पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी का नाम लक्ष्मीनारायण यदु उर्फ बगल यदु 21 वर्ष है, जिसे पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

**छेड़छाड़ का विरोध करने पर थप्पड़ जड़ाः** पुलिस के अनुसार घटना 6 जुलाई की शाम करीब



4.30 से 5 बजे के बीच की है। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी लक्ष्मीनारायण यदु उसके सामने आकर अचानक मां-बहन की ▶▶ शेष पेज 11 पर

# राहगीरों से लूटपाट के आरोप में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जिले में राहगीरों से लूटपाट, मारपीट और गुंडागर्दी करने वाले तत्वों के खिलाफ पुलिस ने मुहिकम छेड़ दी है। थाना गिधौरी टुण्डरा पुलिस ने ऐसे तत्वों के 3 आरोपी को वारदात के चंद घंटों के भीतर ही दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी नितेश पिता गणेश साहू 18 वर्ष निवासी- ग्राम नवापारा धमलपुर, थाना गिधौरी टुण्डरा और विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं।

■ सूचना मिलते ही पुलिस ने दबोचा, सभी आरोपी जेल भेजे गए



प्रार्थी पंकज कुमार वर्मा 20 वर्ष निवासी नवीन अमलीडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 जुलाई की रात्रि करीब 9.10 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल सी जी 11 बीके 2445 से अपने गांव लौट रहा था। करीब 09.35 बजे ग्राम बरपाली फ्लाई ऐश ईंट भट्टे के पास पहुंचने पर, पीछे से आ रही एक होंडा साईन मोटरसाइकिल सीजी 22 भी 1127 में सवार तीन लड़कों ने ओवरटेक कर प्रार्थी की गाड़ी का रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। पैसे नहीं होने की बात कहने पर तीनों आरोपियों ने एकराय होकर प्रार्थी को मां-बहन की गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के तथा हाथ में पहने लोहे धातु के कड़े (चुड़े) से बेरहमी से प्रार्थी के सिर, आंख और शरीर पर प्राणघातक हमला किया। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी के गले में पहनी चांदी की चैन और हाथ ▶▶ शेष पेज 11 पर

## लोकनिर्माण एजेंसी ने बीच में रोका कार्य, पानी के अभाव में बढ़ेगी निस्तारी की समस्या

# तालाब में अधूरा पेचिंग कार्य से रूका जल भराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम क्षेत्र के सबसे बड़े निस्तारी स्त्रोत माने जाने वाले नईया तालाब पर सड़क निर्माण विभाग और संबंधित ठेकेदार की लापरवाही भारी पड़ती दिखाई दे रही है। सड़क निर्माण कार्य के दौरान तालाब के किनारे किए जा रहे पेनचिंग (बंधान) कार्य को अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि बरसात शुरू होने से पहले यह कार्य पूरा नहीं हुआ तो तालाब की जलधारण क्षमता प्रभावित होगी और भविष्य में गांव को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों के



अनुसार सड़क निर्माण के समय तालाब की सुरक्षा और जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पेनचिंग कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य को बीच में ही रोक दिया गया। वर्तमान में मानसून का मौसम नजदीक है और अधूरे कार्य के कारण वर्षा जल का पर्याप्त संचय नहीं हो पाएगा। इससे तालाब में पूरे वर्ष पानी टिके रहने की संभावना कम हो जाएगी। नईया तालाब गांव का सबसे बड़ा निस्तारी तालाब है, जिसका उपयोग ग्रामीण दैनिक जरूरतों, पशुओं के पेयजल तथा अन्य ▶▶ शेष पेज 11 पर

### सप्ताहभर में शुरू हो जायेगा

संबंधित सड़क के पेटी कॉन्ट्रैक्टर का स्वास्थ्य संबंधी कुछ प्रॉब्लम होने के कारण कार्य में विलंब हुआ है। उक्त कार्य लगभग सप्ताह भर के अंदर प्रारंभ हो जाएगा। मोहरा सहित मोहरेंगा का भी कार्य करना है। अभी तक तो हो जाना चाहिए था, व्यवस्था देख रहे हैं। एक सप्ताह में करीब कार्य चालू हो जाना चाहिए।
-सुरेश मढरिया, पीडब्ल्यूडी इंजीनियर

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप

### शिवसेना ने अस्मिता की आवाज़ की मजबूत

**रायपुर।** 14 जुलाई 1984 को छत्तीसगढ़ में शिवसेना का गठन किया गया। स्थापना के बाद से ही संगठन लगातार लोगों के अधिकार, सम्मान एवं जनहित के विभिन्न मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए संघर्ष करता आ रहा है। यह जानकारी सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में शिवसेना के प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े ने दी। 43 साल जनता की सेवा का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की मांग को लेकर हम भोपाल, दिल्ली सहित अनेक स्थानों पर आंदोलन एवं प्रदर्शन आयोजित करते रहे। इसी क्रम में दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मोर्चा निकाला। इसने छत्तीसगढ़ी अस्मिता एवं स्वाभिमान की आवाज़ को मजबूती प्रदान की।

### हज कमेटी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पेश किया आब-ए-जमजम और खजूर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के माध्यम से हज के तहत हजयात्रा पर गए सभी हज यात्रियों की सकुशल वापसी और हजयात्रा के सफलतापूर्वक पूरा होने पर सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज़ बेग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर हजयात्रा का तबर्रुक (प्रसाद) पवित्र जल आब-ए-जम जम एवं ख़जूर प्रदान किया। श्री बेग ने हज 2026 हेतु प्रदेश के हज यात्रियों के लिए की गई समुचित व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश के हजयात्रियों द्वारा देश एवं प्रदेश की तरक्की और खुशहाली के लिए भी विशेष रूप से दुआएं की गई। उन्होंने बताया कि संपूर्ण हजयात्रा में राज्य के किसी भी हजयात्री को कोई परेशानी नहीं हुई।

### राज्य महिला आयोग की सुनवाई में पीड़िताओं के साथ किया न्याय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई के प्रति प्रदेश की जनता का विश्वास बढ़ा है। इसके पीछे उनकी सुनवाई में दोनों पक्षों को दी गई प्राथमिकता, मामले की गंभीरता को देखते हुए लिए गए निर्णय से महिलाएं न्याय के लिए आयोग में पहुंचती हैं। 6 साल में नखदंत युक्त शेर बनाए गए महिला आयोग को छत्तीसगढ़ में पहचान देने का दायित्व अपने कार्यकाल में बखूबी निभाने का प्रयास किया। इसकी जानकारी साझा करने का अवसर कई कारणों से खास भी है। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में कुछ इसी तरह से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक सोमवार को पत्रकारों से मुखातिब हुईं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में 23 जुलाई 2020 से 22 जुलाई 2023 तक पहला कार्यकाल तीन साल का रहा।

### शेख समी ने दपूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार किया ग्रहण

**रायपुर।** शेख समी उर रहमान ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पद भार सोमवार को डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव से ग्रहण किया।



पूर्व मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव का स्थानांतरण रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर हुआ है। शेख समी उर रहमान 2015 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा के अधिकारी हैं। इससे पूर्व पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक के पद पर कार्यरत थे। रहमान भारतीय रेलवे परिचालन सेवा (आईआरटीएस) के 2015 बैच के अधिकारी है।

# थोक में बदली गई समय-सारिणी, छात्रों को नहीं मिल सकी जानकारी, रिकॉर्ड 10% अनुपस्थिति

**रविवि की अव्यवस्थाओं का खामियाजा भुगत रहे विद्यार्थी, अब दिलाने होंगे एटीकेटी के पर्चे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बार-बार समय-सारिणी बदलने का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। ताजा मामला 10 जुलाई को आयोजित हुई बीसीए द्वितीय वर्ष के अंतर्गत जीई परीक्षा का है। रविवि द्वारा पहले इस विषय की परीक्षा जून माह में आयोजित की जानी थी, जिसे बाद में बदलकर 10 जुलाई किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों विशेषकर प्राइवेट स्टूडेंट्स तक परिवर्तन संबंधित यह सूचना पहुंच नहीं सकी। ऐसे में छात्र बदली हुई तिथि में परीक्षा दिलाने ही नहीं पहुंचे। विभिन्न महाविद्यालयों में अनुपस्थित छात्रों का आंकड़ा 5 से 10 प्रतिशत तक रहा है। इन छात्रों को अब पूरक परीक्षा में शामिल होना होगा।

विभिन्न संकाय और उसके अंतर्गत आने वाले विषयों को मिलाकर रविवि ने इस बार थोक में समय-सारिणी में परिवर्तन किया है। विवि प्रबंधन द्वारा सर्वप्रथम जारी समय-सारिणी को ही छात्र अंतिम मानकर तैयारी करने लगते हैं। समय-सारिणी परिवर्तन संबंधित अपडेट नहीं मिलने के चलते वे परीक्षाओं से वंचित हो रहे हैं। समय-सारिणी में सर्वाधिक बदलाव जीई के विषयों में हुए हैं। जीई अर्थात जेनेरिक इलेक्टिव वे विषय होते हैं, जिनका चुनाव छात्र अपने संकाय से बाहर जाकर दूसरे संकायों से चुनते हैं।

### सेमेस्टर परीक्षाएं समाप्त

रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 10 जुलाई को समाप्त हो गई हैं। सेमेस्टर परीक्षाएं लगभग दो माह तक चलीं। विषयों का उचित रूप से समायोजन नहीं किए जाने के कारण लंबी चली परीक्षाओं को लेकर प्राध्यापकों में भी रोष रहा। दो सेमेस्टर के मध्य छात्रों को अवकाश अब प्रदान नहीं किया सकेगा। सेमेस्टर परीक्षाएं समाप्त होने के साथ ही अगले सेमेस्टर की कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्नातकोत्तर के साथ-साथ स्नातक परीक्षाएं भी सेमेस्टर आधार पर हो रही हैं। वर्ष में दो बार परीक्षाएं होने के कारण कार्यभार पूर्व की तुलना में बढ़ गया है। उचित समन्वय नहीं होने की स्थिति में अधिक परेशानी महाविद्यालय प्रबंधन व प्राध्यापकों को हो रही है।



### विशेषज्ञों से सहयोग ले रविवि

समय-सारिणी तैयार किए जाने के दौरान यदि विषय विशेषज्ञों से सहयोग लिया जाए तो यह स्थिति निर्मित नहीं होगी। पूर्व में यही व्यवस्था थी। एनईपी के कारण भी चीजें जटिल हुई हैं।

- **प्रो.देवाशीष मुखर्जी,** प्राचार्य, महंत महाविद्यालय

## आयुक्त ने कहा- शासन स्तर का निर्णय, आदेश का किया जा रहा पालन

# भाजपा पार्षदों ने आयुक्त से यूजर चार्ज बढ़ाने, नई सफाई ठेका प्रक्रिया को लेकर किए सवाल-जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के भाजपा पार्षदों ने सोमवार को निगम आयुक्त संबित मिश्रा से यूजर चार्ज बढ़ाने, सफाई व्यवस्था के नए टेंडर को लेकर सवाल-जवाब किए। महापौर मीनल चौबे की मौजूदगी मे हुई बैठक में पंडरी के कपड़ा मार्केट में एक बड़े शोरूम संचालक द्वारा नाले पर पाटा बनाकर सफाई बाधित करने के मामले में तोड़फोड़ के आदेश के बाद भी संबंधित निर्माणकर्ता को सात दिन का समय क्यों दिया गया?

- महापौर मीनल चौबे की मौजूदगी में महात्मा गांधी सदन में निगम आयुक्त से मुलाकात

यदि उसे समय दिया, तो मेरे संज्ञान में यह बात क्यों नहीं लाई गई? तोड़फोड़ की टाइमिंग को लेकर महापौर मीनल चौबे ने आयुक्त के समक्ष नाराजगी जताई। इस पर आयुक्त ने कहा पंडरी कपड़ा मार्केट के संबंधित दुकान संचालक ने आवेदन देकर स्वतः अवैध पाटा तोड़ने कहा था, इसलिए उसे समय दिया गया। बैठक के दौरान भाजपा पार्षदों ने एमआईसी के संज्ञान में लाए बिना अवैध नल कनेक्शन को वैध करने के लिए दर की घोषणा किए जाने पर नाराजगी जताई। उनका कहना था यहां जानबूझकर एमआईसी की अनदेखी की जा रही है। भाजपा के पार्षदों ने निगम आयुक्त के सामने सफाई व्यवस्था के लिए विधानसभा वार नए टेंडर को लेकर आपत्ति जताई। सूत्रों के मुताबिक इस निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने बैठक में स्पष्ट कहा कि यूजर चार्ज में बढ़ोतरी और सफाई का ठेका विधानसभा वार करने का निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है। वे केवल शासन के आदेशों का पालन कर रहे हैं। दरअसल, हाल ही में हुई विशेष सामान्य सभा के दौरान सफाई, पेयजल, जलभराव और अवैध निर्माण को लेकर गांधी सदन मे ज्यादातर पार्षदों ने निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर आयुक्त से लेकर जोन के अधिकारी व कर्मचारियों को निशाने पर लिया। भाजपा,कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने सदन में खुलकर यह बात कही कि जन शिकायत के बाद भी निगम व जोन केअधिकारी नव निर्वाचित पार्षदों को नजरअंदाज कर रहे हैं। यूजर चार्ज में एकाएक बढ़ोतरी, अवैध नल कनेक्शन को वैध करने संबंधी शुल्क का मुद्दा भी सुखियों में रहा। सूत्रों के मुताबिक अब सफाई ठेके में पार्षदों की दखल नहीं रहेगी और इसका टेंडर विधानसभा वार किया जा रहा है। राजधानी में यह पहला मौक होगा जब शहर की सफाई का ठेका वार्डवार न होकर विधानसभा वार करने का निर्णय लिया गया है।

### एमआईसी में आ सकता है अवैध नल कनेक्शन का शुल्क संबंधी प्रस्ताव

सूत्रों के मुताबिक निगम आयुक्त के साथ भाजपा पार्षदों की बैठक के बाद यह बात सामने आई कि पार्षदों की जानकारी बिना और एमआईसी में प्रस्ताव लाए बिना शहर में अवैध नल कनेक्शन को वैध करने शुल्क निर्धारण करना एमआईसी को नजरअंदाज करने जैसा है। यूजर चार्ज बढ़ाने का निर्णय भले ह राजपत्र में प्रावधान का हवाला देकर किया गया है, पर नल कनेक्शन नियमित करने के निर्णय से पहले यह प्रस्ताव एमआईसी में लाया जाए। ऐसे में आगामी एमआईसी की बैठक में यह प्रस्ताव चर्चा के लिए लाया जा सकता है। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के साथ बैठक में महापौर मीनल चौबे, भाजपा पार्षद दल सचेतक आशु चंद्रवंशी सहित भाजपा के पार्षद बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### आयुक्त के 6 बिंदुओं पर जानकारी का महापौर को इंतजार

विशेष सामान्य सभा के दौरान महापौर मीनल चौबे ने निगम आयुक्त संबित मिश्रा से 6 बिंदुओं पर लिखित में जानकारी मांगी, जिसका जवाब निगम आयुक्त को देना है, महापौर मीनल चौबे को निगम आयुक्त संबित मिश्रा के लिखित में बिंदुवार जवाब का इंतजार है। जिन बिंदुओं पर प्रमुख रूप से जानकारी मांगी है उनमें वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति पहले की तरह पुनः जोनों को सौंपने की प्रक्रिया पर प्लान, पेयजल समस्या और टैंकर प्रबंधन जलभराव पर विस्तृत कार्य योजना संबंधी जानकारी, अवैध निर्माण में तीन नोटिस के बाद कितने प्रकरणों पर कार्रवाई की गई? इसी तरह जोनों के अधिकारी कब-कब जोन में रहते हैं, इसकी समयबद्ध जानकारी जारी करने, जोनों से भेजी गई फाइलें मुख्यालय में क्यों अटक रही है इसका जवाब महापौर मीनल चौबे ने आयुक्त से लिखित में मांगा है।
\

# एक माह पूर्व होगी परीक्षा, इसलिए जुलाई से ही स्कूलों में खेल गतिविधियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के शिक्षा संभागों में खेल गतिविधियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जुलाई के प्रथम सप्ताह से ही खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं। सामान्यतः खेल गतिविधियां अगस्त माह से शुरू होती है। शैक्षणिक सत्र 2027-28 की शुरुआत 16 जून के स्थान पर एक अप्रैल से होगी।मार्च अंत तक परीक्षा कार्य संपन्न कराने तथा अप्रैल माह से नवीन शैक्षणिक प्रारंभ किए जाने संबंधित आदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया जा चुका है। ऐसे में परीक्षाओं के साथ-साथ अन्य सभी गतिविधियां भी मार्च अंत तक पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में यह पहली बार है, जब शाला प्रवेशोत्सव के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताएं शुरू कर दी गईं। प्रतियोगिताओं के नियम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पूर्व की भांति संभाग स्तर से प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। इसके विजेता खिलाड़ी छात्रों को क्रमशः आगे चरण में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। राज्य स्तरीय विजेता खिलाड़ी छात्र राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में छग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

- संभाग स्तरीय खेल अपेक्षाकृत पहले, इसलिए जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं प्रारंभ

### इधर, नुकसान भी

रायपुर जिले के शेड्यूल के मुताबिक 6 जुलाई से खेल प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो चुकी हैं। पूरक परीक्षाओं के परिणाम नहीं आने, स्थानांतरण अथवा कई अन्य कारणों से कई छात्र अपेक्षाकृत विलंब से दाखिले लेते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 16 जून से स्कूल प्रारंभ होने के बाद भी विद्यार्थी जुलाई के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह से आना प्रारंभ करते हैं। नियमित रूप से छात्रों का आना सामान्यतः जुलाई के दूसरे पखवाड़े से ही प्रारंभ हो पाता है। इसलिए जल्द प्रारंभ हुई प्रतियोगिताओं में कई विद्यार्थी हिस्सा ही नहीं ले सके।

### अन्य बोर्ड में भी प्रारंभ

सीबीएसई में भी नए सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से ही होती है। कई अन्य बोर्ड में भी इस तरह की ही व्यवस्था है। यहां भी जुलाई में ही खेल प्रतियोगिताएं शुरू कर दी जाती हैं। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताएं अपेक्षाकृत शीघ्र प्रारंभ होती है। बीते वर्षों में कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई जब खेल की किसी विधा की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रारंभ होने की तिथि तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं ही आयोजित नहीं हो सकी थीं। ऐसे में छग से प्रतिनिधि छात्रों को भेजा ही नहीं जा सका। शीघ्र प्रतियोगिताएं शुरू होने की स्थिति में प्रत्येक खेल में प्रतिभागी भेजे जा सकेंगे।

# गरीबों का घर उजाड़कर आशियाना स्वीकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नकटी गांव के प्रभावित गरीबों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी ने जिले में चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। इस कड़ी में स्थानीय धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के निवास का घेराव किया गया। आप नेताओं ने कहा कि गरीबों के घर उजाड़कर विधायक कॉलोनी का निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जनप्रतिनिधियों का सम्मान जनता के विश्वास से होता है, गरीबों का आशियाना छीनकर नहीं। आम आदमी पार्टी ने कहा कि प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ चट्टान की तरह खड़ी है और जब तक सभी विस्थापित परिवारों को न्याय, सम्मान, पुनर्वास और उनका अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक पार्टी लोकतांत्रिक संघर्ष सड़क पर पूरी ताकत के साथ जारी रखेगी।

- विधायक निवास का घेराव कर रखी अपनी मांगें



### सुनिश्चित हो अधिकारों की रक्षा

आम आदमी पार्टी ने मांग करते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों का सम्मानजनक पुनर्वास किया जाए।चरागाह भूमि पर प्रस्तावित विधायक कॉलोनी के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। गरीब, मजदूर, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। आम आदमी पार्टी के रायपुर जिलाध्यक्ष नवनीत नन्दे और रायपुर यूथ विंग जिलाध्यक्ष विकास दास मानिकपुरी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर अजीम खान, इमरान खान, शिव शर्मा, संजय गुप्ता, अनुराधा शुक्ला, सागर क्षीरसागर, मिथलेश साहू सहित आम आदमी पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जांच के नाम पर सीधे-साधे लोगों को पुलिस कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आपराधिक घटना रोकने पुलिस लगातार जांच करने के साथ संदिग्धों की पड़ताल कर रही है। बावजूद इसके राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में अपराधिक प्रवृत्ति के लोग अपराध करने के साथ राह चलते लोगों के साथ मारपीट कर रहे हैं। पुलिस उन्हें पकड़ने की जगह आम लोगों को पूछताछ करने के नाम पर पूरी रात थाने में बैठकर प्रताड़ित कर रही है। साथ ही उनका मोबाइल जब्त कर परिजनों से बात करने नहीं दे रही। ऐसा ही एक प्रकरण दो दिन पहले गोलबाजार थाने में देखने को मिला।

- दोस्त को रेलवे स्टेशन से छोड़कर आ रहे युवक को पूरी रात थाने में बैठाया

पेशे से पत्रकार आरिफ खान ने बताया कि उनका बेटा शनिवार देर रात पुणे से आए अपने दोस्त को रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए गया था। वापसी के दौरान गोलबाजार थाना के सामने दो सिपाहियों ने उसके बेटे को रोक कर किसी तरह की पूछताछ करने के बजाय उसकी गाड़ी की चाबी निकाल कर मोबाइल छीन लिया और पूरी रात थाने में बैठाकर रखा। आरिफ के बेटे ने मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने परिजनों से बात कराने की बात कही, तो पुलिकर्मियों ने उसे दूसरे दिन अपने परिजनों से बात करने की बात कह कर डांटकर पूरी रात थाने में बैठाकर रखा। इस दौरान परिजन अपने बेटे को लेकर पूरी रात परेशान होते रहे। पीड़ित के पिता ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि किसी भी आम शहरी को बेवजह परेशान करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




# बोरियाखुर्द नहर रोड में निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग, नींव तोड़कर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बोरियाखुर्द नहर रोड में करीब 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम जोन 10 अमले ने स्थल पर पहुंचकर निर्मित की गई अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर तत्काल रोक लगाई, साथ ही स्थल पर अवैध नींव को तोड़ा।

- जोन 10 कमिश्नरी ने लिया संज्ञान

निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर, सहायक अभियंता सुशील अहीर,ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। जोन 10 नगर निवेश विभाग नेतहसील कार्यालय में तहसीलदार रायपुर को पत्र लिखकर संबंधित भूमि के वास्तविक भूमि स्वामी के सम्बन्ध में जानकारी देने पत्र लिखा है।

**पंडरी में नाले पर निर्मित अवैध पाटे तोड़े :** महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में पंडरी में हॉटल पुनीत एवं उसके आसपास दुकानों के सामनू नाले अवैध कब्जा कर बनाए गए पाटों निगम अमले ने जेसीबी मशीन से तोड़ा। आधा दर्जन से अधिक अवैध पाटो को जेअभियान चलाकर तोडने एवं सफाई की बाधा हटाने की कार्यवाही नगर निगम जोन 2 नगर निवेश विभाग द्वारा की गई। अवैध पाटों के कारण सफाई पूरी तरह बाधित हो चुकी थी एवं बारिश में जल भराव की समस्या आ रही थी।



### भर्री खार भाठागांव में अवैध रूप से निर्मित 4 दुकानों को किया ध्वस्त

जोन 6 नगर निवेश विभाग की टीम ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के अंतर्गत भर्री खार भाठागांव में अवैध रूप से करीबन 1200 वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित 4 अवैध दुकानो को जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्त कर दिया। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 6 जोन कमिश्नरहितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अवेध दुकानों को तोड़ने अभियान चलाया गया। तोड़फोड़ से पहले संबंधित निर्माणकर्ता दुर्गेश सोनकर को नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत नोटिस भी दिया ।

**बात नहीं बनी तो हड़ताल जैसा कदम उठाने की चेतावनी**

# स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग, आंदोलन की राह पर कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य विभाग में लगातार हो रहे आउटसोर्सिंग के बाद कर्मचारियों में असंतोष पनपने लगा है। स्वास्थ्य कर्मचारी इसे लेकर अब आंदोलन की राह पर जाने की तैयारी में हैं। 22 जुलाई को प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन होगा। इसके बाद भी निजीकरण को रोकने किसी तरह का ठोस पहल नहीं होने पर हड़ताल जैसा कदम उठाया जाएगा।

हाल में जिला अस्पतालों में संचालित हमर लैब की आउटसोर्सिंग की गई है। इससे राज्य के दस हजार से ज्यादा पैथॉलाजिस्ट का भविष्य संकट में आ गया है। इन कर्मचारियों को उनका मूल कार्यों से हटाकर लिपिक सहित अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा हेल्थ सेक्टर के अन्य कार्यों को भी ठेका सिस्टम में चलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी फैलने लगी है और वे विरोध की तैयारी में जुट गए हैं। सोमवार को छत्तीसगढ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय कार्यालय में प्रांताध्यक्ष अनिल पाण्डेय और संरक्षक ओपी शर्मा की उपस्थिति में महासमिति की बैठक हुई। बैठक में कर्मचारी हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया गया। पैथालॉजी और फार्मेसी की आउटसोर्सिंग के अलावा चिकित्सक, नर्स, पैरामेडिकल कोर्स के लिए स्टेट काउंसिल में पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त किये जाने से प्रदेश के हेल्थ सेक्टर से जुड़े युवाओं के रोजगार का अवसर कम होगा। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचरियों, अधिकारियों के हजारों बच्चे चिकित्सक, स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल कोर्स कर अपना भविष्य तलाश रहे है। पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त किए जाने से स्वास्थ्य विभाग में फर्जी डिग्री डिप्लोमाधारी लोगों की प्रवेश की आशंका बढ़ जाएगी। जिससे स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील प्रोफेशन में गुणवत्तापूर्ण इलाज पर भी सवालिया निशान खड़ा हो जाएगा। जीवनदीप कर्मचारियों के संबंध में एक स्पष्ट नीति निर्धारण करने प्रदेश में स्वास्थ्य आयोग का गठन किये जाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन किये जाने के निर्णय लिया गया है। आंदोलन के प्रथम चरण में 22 जुलाई को प्रदेश समस्त जिला मुख्यालय में संघ पदाधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अपने मांग के समर्थन में नारेबाजी कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।



# आवासीय भवन में चल रहे वाटर फिल्टर प्लांट को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 5 ने भाठागांव आवासीय कालोनी में आवासीय भवन का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग करते हुए संचालित लघु वाटर फिल्टर प्लांट को सील कर दिया। संचालक दिनेश वधानी को जोन नगर निवेश विभाग की टीम ने नोटिस जारी कर इसे बंद करने के निर्देश दिए थे। पर नोटिस की शर्तो का पालन नहीं किए जाने एवं आवासीय भवन में अवैध व्यवसायिक गतिविधियां का संचालन पाए जाने पर जोन 5 की टीम ने सोमवार को स्थल पर पहुंचकर लघु वाटर फिल्टर प्लांट को तत्काल सीलबंद करने नियम अनुसार कार्रवाई की । नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित भाठागांव के एक आवासीय कालोनी में आवासीय भवन का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग कर लघु वाटर फिल्टर प्लांट संचालन करने वाले के खिलाफ कड़ाई बरती है। जोन के नगर निवेश विभाग ने स्थल पर पहुंचकर लघु वाटर फिल्ट प्लांट को सीलबंद कर चेतावनी दी है कि भविष्य में बिना सक्षम अनुमति से सील हटाकर व्यावसायिक गतिविधि संचालित किए जाने पर प्रकरण में नियम अनुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सीलबंदी जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन और कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश्वर रामटेके, उप अभियंता नगर निवेश टिकेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति में की गई।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांश फाउंडेशन ने बच्चों को बांटे बैग

**रायपुर।** दिव्यांश फाउंडेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान लगभग पूरे विद्यालय के बच्चों को निशुल्क बैग वितरित किए गए, जिसे पाकर बच्चे बेहद उत्साहित हुए। सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़ें-सब बढ़ें के उद्देश्य से विद्यालय प्रवेश महोत्सव का आयोजन सोमवार को अग्रसेन आयरन एंड स्टील प्रा. लि. द्वारा सीएसआर के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष राय, पवन यदु, मुकेश साहू, प्रणव वर्मा और लाखन जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

### माता साहिब हासीदेवी की जयंती पर सिंधी काउंसिल ने 200 पेड़ लगाए



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई युवा विंग एवं महिला विंग द्वारा एक पेड़ माता साहिब हासीदेवी के नाम पर अष्टविनायक गुलमोहर ग्रीन सेजबहार पर पेड़ लगाने का आयोजन किया। इस दौरान 200 पेड़ लगाए गए। शदाणी दरबार की पूज्य माता साहिब हासीदेवी के 200वीं जन्म जयंती के उत्सव पर एक पेड़ माता के नाम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल के नेतृत्व में किया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू एवं रायपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष नंदे साहू विशेष रूप से शामिल हुए। सिंधी काउंसिल युवा विंग अध्यक्ष जीतू लोहाना ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जीतू लोहाना, अष्टविनायक के एमडी विक्की लोहाना, सुनील कुकरेजा, संजय जैसिंघ, मोहन वल्र्यानी, डॉ. एनडी काजल सचदेव आदि उपस्थित थे।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम लमकेनी में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर् दर्ज किया गया है। पुलिस को हेमंत कुमार दीवान ने बताया कि 13 जुलाई की सुबह उसके घर की महिलाओं का विवाद टीकम सेन की मां के साथ हुआ था। इसी दिन शाम को टीकम सेन एवं मन्नू सेन ने आकर मां, पत्नी और मेरे साथ मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वहीं टीकम सेन ने पुलिस को बताया कि 13 जुलाई को हेमंत दीवान के परिवार द्वारा विवाद किए जाने की सूचना मिलने पर वह रायपुर से लमकेनी आया। शाम करीब 06.30 बजे हेमंत दीवान और लाम्हीन दीवान से उसने विवाद को लेकर पूछताछ की। इस पर हेमंत और लाम्हीन मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।


**कार्यालय तहसीलदार भटगांव जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा. प्र. क्र. 202607321200008
नया साहूकारी लाईसेंस वर्ष 2025-26
नगर भटगांव प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार साहू पिता मुकूतराम साहू जाति तेली निवासी भटगांव पटवारी हल्का नं. 05 तहसील भटगांव जिला सारंगढ़ – बिलाईगढ़ (छ.ग.) द्वारा साहूकारी अधिनियम 1934 (1934 का 13 ) की धारा 11 ख (1) के तहत एक साहूकार के रूप में 5000/- पांच हजार रूपये के भारतीय गैर न्यायिक (नान ज्यूडिसियल) स्टाम्प पेपर के साथ साहूकारी लाईसेंस हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। तथा दिनांक 30/07/2026 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो स्वतः उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 30/07/2026 तक इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा के साथ ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भटगांव


## गिरौदपुरी धाम रवाना होने से पहले जैतखाम में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की

# कसडोल पहुंचे अजा आयोग के उपाध्यक्ष वेदराम, भाजपा कार्यकर्ताओं और समाजजनों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल



राज्य अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष वेदराम मनहरे का कसडोल नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने स्वागत किया। आयोग का उपाध्यक्ष बनने के बाद वे पहली बार, अपने सैकड़ों समर्थकों के काफिले के साथ गिरौदपुरी धाम में बाबा गुरु घासीदास के दर्शन एवं आशीर्वाद लेने रवाना हुए।

गुरु घासीदास चौक में भाजपा अनु.जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविकांत बंजारे के नेतृत्व में युवा मोर्चा व एससी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने गुरु घासीदास चौक स्थित जैतखाम में पूजन प्रार्थना कर क्षेत्रवासियों के खुशहाली व समृद्धि के लिए प्रार्थना कर। मीडिया से बातचीत में वेदराम मनहरे ने कहा कि, मेरे जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को भाजपा ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व एवं सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करता हूँ। और मैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी से राज्य की जनता के लिए कार्य करूंगा। इस दौना विनोद बंजारे महामंत्री, भूपेंद्र चेलक महामंत्री, धनंजय अजगले उपाध्यक्ष, मायाराम नवरंगे मंत्री, अनिल श्रीवास भाजपा मंडल महामंत्री, राजेश साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जगदीश घृतलहरे जिला कार्यकारणी, अभिजीत श्रीवास जिला युवा खेल एवं कला प्रमुख, युवा मोर्चा से अजय श्रीवास महामंत्री, रवि शंकर कैवर्त महामंत्री, प्रकाश साहू उपाध्यक्ष, नीरज साहू उपाध्यक्ष व पार्षद, निर्मल कमलवंशी उपाध्यक्ष, प्रदीप पाठक उपाध्यक्ष, अजीत सिंह साहू कोषाध्यक्ष, रोशन मांझी महामंत्री अनु जन जाति मोर्चा, अजय साहू सभापति, जानू यादव, तरुण साहू, रवींद्र यादव, प्रदीप साहू, दिनेश यादव, प्रीतम पैंकरा, हेमंत साहू आकाश साहू, राजा साहू, फिरत राम साहू, हेमंत वैरागी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छाए बादल बरस नहीं पाए उल्टे बढ़ी उमस ने कर डाला हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मौसम में सुधार होने की उम्मीद के बीच राजधानी में घने बादल छाए, मगर वे बरस नहीं पाए। बादलों की वजह से वातावरण में उमस की मात्रा काफी बढ़ गई और बेचैनी वाली गर्मी ने लोगों को हलाकान कर डाला। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम में बदलाव होने के बाद प्रदेश में वर्षा का दायरा और गतिविधि बढ़ने की उम्मीद है। सोमवार को रायपुर के 35 डिग्री के टेंप्रेचर ने अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। मानसून द्रोणिका के मणिपुर में होने और स्थानीय बादलों का भी ज्यादा असर नहीं होने की वजह से ब्रेक की स्थिति बनी हुई है। इसमें बदलाव होने की उम्मीद मौसम विभाग ने लगायी है। उत्तरी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिणी बांग्लादेश के ऊपर हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके आगे बढ़ने और सर्कुलेशन में बदलने की उम्मीद है। सोमवार को इसकी वजह से प्रदेश के उत्तरी इलाके और राजधानी के ऊपर काले बादल छा गए। मौसम विभाग ने इसे ध्यान में रखते हुए उत्तरी हिस्से में रायगढ़, कोरबा, जशपुर, सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर वर्षा की संभावना जारी की थी।

## श्रीमद्भागवत के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा



समीपस्थ ग्राम केशला में 14 से 22 जुलाई तक श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन देवांगन परिवार द्वारा स्व. भारती देवांगन की पुण्य स्मृति एवं वार्षिक श्राद्ध पर आयोजित किया गया है। मंगलवार को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

श्रीमद्भागवत कथा का वाचन राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता एवं ज्योतिषाचार्य पंडित लक्ष्मीकांत उपाध्याय रायपुर द्वारा किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। प्रथम दिवस की कथा में श्री वेदी पूजन, परीक्षित जन्म, गोकर्ण कथा, श्रवण विधिकथा माहात्म्य एवं सृष्टि वर्णन का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। इस अवसर पर कथावाचक पंडित लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने कहा कि जन्मांतरे भवेत पुण्यं तदा भागवतं लभेत/" अर्थात अनेक जन्मों के पुण्य उदय होने पर ही श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है।

कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप है और यह कल्पवृक्ष के समान है, जिससे धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है। कथा श्रवण से व्यक्ति के विचारों और आचरण में सकारात्मक परिवर्तन आता है तथा सद्गुणों का विकास होता है। नौ दिवसीय आयोजन के दौरान गोकरण कथा, ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र तथा परीक्षित मोक्ष सहित श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया जाएगा। समापन दिवस पर हवन, पिंडदान, तुलसी वर्षा, गीता पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## फैक्ट्री में ब्लास्ट से तीन मजदूरों की मौत, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने लिया स्वत : संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उरला इंडस्ट्रीयल एरिया में एक सप्ताह पूर्व थ्रीडी इनोवेशन फैक्ट्री में ब्लास्ट से तीन मजदूरों की मौत मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। ब्लास्ट की जद में आने से तीन मजदूरों की मौत के साथ कई मजदूर घायल हुए थे। फैक्ट्री में हादसा ऑक्सीजन सिलेंडर फटने के कारण हुआ था। हादसे में जिन तीन मजदूरों की मौत हुई थी, उनमें दो मध्यप्रदेश, डिंडौरी के रहने वाले थे। एक अन्य मजदूर जांजगीर-चांपा जिला का रहने वाला था, जिसके नाबालिग होने की बात सामने आई थी। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने समाचार रिपोर्ट को आधार मानते हुए स्वतः संज्ञान लेते हुए जवाब मांगा है। आयोग द्वारा जारी बयान के अनुसार अगर समाचार रिपोर्ट की बातें सच हैं, तो ये मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे खड़े करती हैं। इसीलिए, आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो हफ्ते के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में घायलों की सेहत की स्थिति के साथ-साथ मृतकों के परिजनों और घायलों को दिए गए मुआवजे की जानकारी मांगी है।

- एक सप्ताह पूर्व उरला के थ्रीडी इनोवेशन फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ था

## गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले के आरंग में संचालित गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी को ऑयल इंडियन कंपनी ने निलंबित कर दिया है। इस गैस एजेंसी के खिलाफ खाद्य विभाग को शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों के आधार पर विभाग ने एजेंसी के खिलाफ जांच कराई। जांच में शिकायतें सही मिलने पर विभाग ने एजेंसी का लाइसेंस निलंबन करने के लिए इंडियन ऑयल कंपनी को प्रस्ताव भेजा था, जिस पर तत्काल एक्शन लेते हुए कपंनी ने एजेंसी का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। एलपीजी की किल्लत के दौरान खरोरा रोड आरंग स्थित गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी के संचालक द्वारा गैस सिलेंडरों की बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की डिलीवरी करने में जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही थी। उपभोक्ताओं को नियमानुसार बुकिंग कराने के बाद भी 10 से 15 दिनों के बाद सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही थी, जिससे एजेंसी के उपभोक्ता परेशान थे। यहीं नहीं, उपभोक्ता जब सिलेंडर की डिलीवरी से संबंधित जानकारी मांगते, तो उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया जाता। इसे लेकर कई उपभोक्ताओं ने खाद्य विभाग में शिकायत की थी। इन शिकायतों की विभाग के इंस्पेक्टर द्वारा जांच कराई गई, जिसमें सभी शिकायतें सही मिलीं। विभाग ने इस मामले में उपभोक्ताओं को राहत देने और समय-सीमा में गैस सिलेंडरों की डिलीवरी हो सके, इसके लिए एजेंसी का लाइसेंस निलंबित करने का प्रस्ताव इंडियन ऑयल कंपनी को भेजा था।

## पेज 9 के शेष

### कब्र से शव...

पुलिसने न्यायालयीन अनुमति लेकर मृतकों के शव कब्र से निकलवाए, पोस्टमार्टम कराया और वैज्ञानिक जांच के लिए आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले का खुलासा हुआ और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### सेवा सेतु के...

अन्य युवाओ को पंजीयन कराने प्रोत्साहित किया। इस दौरान राजस्व प्रकरण, एग्रीस्टेक पंजीयन,स्वामित्व कार्ड, सीपी ग्राम्स,मुख्यमंत्री जनदर्शन,सेवा सेतु,सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के आवेदन, सुपोषित बचपन अभियान, नगर पालिकाओं में साफ सफाई,अतिक्रमण आदि की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ती गोते, अभिषेक गुप्ता, ए.आर.टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### दिव्यांग नोहर को...

कार्यों को करने में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने उनकी परेशानी को समझते हुए तत्काल सहायता प्रदान की, जिसके लिए वे कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंदों की समस्याओं का संवेदनशीलता और तत्परता के साथ निराकरण किया जा रहा है, जिससे आमजन का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो रहा है।

### युवती से छेड़छाड़ ...

अश्लील गालियां देने लगा। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो आरोपी आगबबूला हो गया। उसने पीड़िता का हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें शुरू कर दीं और जबरदस्ती करने लगा। जब पीड़िता ने खुद को छुड़ाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसके बाएं कान पर जोर से तमाचा जड़ दिया, जिससे उसकी कलाई और कान में गंभीर चोटें आईं।

**बचाने आए परिजनों को डंडे से पीटा:** पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर जब उसकी मां और परिवार के अन्य सदस्य उसे बचाने दौड़े, तो आरोपी लक्ष्मीनारायण ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोपी ने पास में रखे बांस के डंडे से परिजनों पर ताबड़तोड़ वार कर दिए और उनके साथ जमकर मारपीट की। पीड़िता की रिपोर्ट पर भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस ने बी.एन.एस. की धारा 74, 296 , 115(2) और 351(2) के तहत केस दर्ज किया है

### राहगिरों से लूटपाट...

की उंगली से चांदी की अंगूठी जबरदस्ती लूट ली और धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 126(2),296, 115(2), 351(3), 309(4), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वारदात में शामिल आरोपी क्षेत्र में ही छिपे हुए हैं। पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए दबिश देकर संदेही नितेश साहू और उसके अन्य साथियों को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने प्रार्थी पंकज वर्मा के साथ मारपीट व लूटपाट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त होंडा साईन मोटरसाइकिल सीजी 22 भी 1127, लूटी गई चांदी की चैन और चांदी की अंगूठी को शत-प्रतिशत बरामद कर गवाहों के समक्ष विधिवत जब्त कर लिया है। अपराध सबूत पाए जाने पर आरोपियों को 13 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### अटल कॉमन सर्विस...

स्थानीय बिचौलियों और रसूखदारों के सिंडिकेट को हिला कर रख दिया है। अपनी अवैध कमाई और क्षेत्र में खत्म होते दबदबे से बौखलाए रसूखदार अब इस जनसुविधा केंद्र को बंद कराने या प्रभावित करने की साजिश रच रहे हैं, जिससे पूरे ग्राम बार और आस-पास के वनांचल ग्रामीण बेहद चिंतित हैं।

### तालाब में अधुरा...

घरेलू कार्यों के लिए करते हैं। गर्मी के दिनों में यही तालाब ग्रामीणों और मवेशियों के लिए महत्वपूर्ण जल स्रोत साबित होता है। लोगों ने इस मुद्दे को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी का ध्यान आकर्षित कराया है, लेकिन अब तक स्थिति में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागीय इंजीनियरों और ठेकेदार से चर्चा कर अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। विभागीय अधिकारियों द्वारा हर बार जल्द कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन मौके पर अभी तक कोई ठोस प्रगति नजर नहीं आ रही है।

## हसुवा स्कूल में शाला विकास समिति का गठन, ईश्वर प्रसाद बने अध्यक्ष


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल



विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसुवा में मंगलवार को आयोजित बैठक में शाला विकास समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ईश्वर प्रसाद साहू को सौंपी गई, जबकि मनीराम साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में विद्यालय के विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य पार्वती जायसवाल ने शाला विकास समिति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिति विद्यालय के प्रशासन और समाज के बीच मजबूत सेतु का कार्य करती है। इसके माध्यम से विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, संसाधनों का बेहतर उपयोग और विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। उक्त बैठक में शिक्षाविद् डी.पी. साहू, शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष अतुल केशरवानी, पत्रकार भूपेन्द्र साहू, पंच लक्ष्मीप्रसाद साहू पंच, रवि साहू पंच, शैलेन्द्र केशरवानी, राजेश विश्वकर्मा सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में अभिभावकों ने सहभागिता निभाई। उपस्थित लोगों ने नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू ने सभी सदस्यों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति विद्यालय के शैक्षणिक, सामाजिक और आधारभूत विकास को नई गति देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने विद्यार्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विद्यालय में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विकास कार्यों को पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

### विद्यालय में रंगमंच निर्माण के लिए भूमिपूजन

**पलारी।** पूर्व माध्यमिक शाला, दतान प में प्रस्तावित रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन जनपद सदस्य एवं सभापति जामवंती नीलकमल साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत दतान प के सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम फेकर,जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दतान प की शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बीसाहूराम साहू, पूर्व उपसरपंच रामसिंग साहू, सचिव खम्मन वर्मा सहित पंचगण व नागरिकगण मौजूद थे। अतिथियों ने विद्यालय में रंगमंच निर्माण को विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल बताया तथा सभी जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय परिवार ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर सहयोग एवं सहभागिता का संकल्प व्यक्त किया गया।






**खबर संक्षेप**



## शहर में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा 16 को निकलेगी

**भाटापारा।** शहर में 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जायेगी। अखण्ड रामनाम सप्ताह के पास स्थित भगवान जगन्नाथ का मंदिर जहां भगवान जगन्नाथ के साथ बलभद्र और सुभद्रा देवी की मूर्ति स्थापित मंदिर है, जिसे लटूरिया मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यहां प्रतिवर्ष आषाढ़ मास के द्वितीया दिन रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इसमें भाटापारा के निवासियों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी रथ यात्रा में शामिल होते हैं। लगभग 10 से 12 किमी की यात्रा करते हुए वापस लटूरिया मंदिर में भगवान की स्थापना होती है। इस वर्ष रथ यात्रा दोपहर 12 बजे भगवान की महाआरती और गजामूंग व महाप्रसाद का भोग लगने के पश्चात दोपहर 1 से रथ यात्रा निकाली जाएगी। वर्तमान में लोहे से बनी रथ में इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। जिसमें भगवान जगन्नाथ भक्तों को दर्शन देने रथयात्रा में भक्तों के घरों तक पहुंचते हैं।

## 15 वर्ष की बालिकाओं को लगेगा एचपीवी वैक्सीन

**बिलाईगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के सभी पालकों, माता-पिता से अपील की है कि, वे 13 से 18 जुलाई तक ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होने वाले बीमारियों के बचाव के लिए आयोजित विशेष एचपीवी टीकाकरण सप्ताह के दौरान अपने 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष से कम आयु की सभी पात्र बेटियों को नजदीकी टीकाकरण केंद्र, प्राथमिक, सामुदायिक और जिला अस्पताल या विद्यालय में ले जाकर वैक्सीन अवश्य लगवाएं। यह वैक्सीन भविष्य में सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) एवं ब्रेष्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का एक सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक उपाय है। शासन द्वारा यह टीका पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर ने अनुरोध किया कि किसी भी प्रकार की भ्रांति या अफवाह पर ध्यान न दें। अपनी बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं तथा इस जन-जागरूकता अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएँ।



## राशन कार्ड का निःशुल्क सत्यापन

**बलौदाबाजार।** राशन कार्ड का सत्यापन निःशुल्क किया जा रहा है। इसके लिये हितग्राहियों को ग्राम पंचायत या विकासखंड स्तर पर कोई शुल्क देय नहीं हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि पंचायत संचानालाय द्वारा जनपद पंचायत सीईओ को जारी एक पत्र का हवाला देते हुए सचिव एवं सरपंच द्वारा राशन कार्ड सत्यापन के नाम पर पैसा देना पड़ेगा कहकर हितग्राहियों से 200 से 250 रुपए वसूली की जा रही है, जबकि पत्र में कहा गया है कि 16 वें वित्त आयोग की 20 प्रतिशत राशि ग्राम पंचायतों को तब तक जारी नहीं की जाए जब तक पंचायत स्वयं 1200 रुपये प्रति परिवार टैक्स कलेक्शन ना कर ले। उन्होंने बताया कि इस पत्र का राशन सत्यापन से कोई लेना देना नहीं है। हितग्राही किसी तरह की भ्रान्ति में न रहे।

## सरपंच और उसके पति के साथ जातिसूचक गाली गलौज

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा की सरपंच और उसके पति के साथ जाति सूचक गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर खल्लारी थाने में जुर्म किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत पचेड़ा की सरपंच श्यामबाई टंडन और उसके पति जितेंद्र टंडन 12 जुलाई की रात 7-8 बजे के साथ आरोपी खिलावन दुबे ने घर घुसकर जातिसूचक गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 331(3), 296, 351(3) बीएनएस, 3(1)(ध) एससीएसटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### आरोप : जनपद पंचायत बिलाईगढ़ ने जांच उपरांत वसूली के दिए निर्देश

# सचिव ने पंचायत का फंड निजी कार्य पर किया खर्च, बिना निर्माण 2.40 लाख का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

ग्राम पंचायत मुड़पार में आए दिन आर्थिक अनियमितताएं उजागर हो रही है। ग्राम पंचायत को शासन से ग्राम विकास के लिए विभिन्न मद से राशि आती है, लेकिन ग्राम सचिव द्वारा बिना कार्य के ही राशि आहरण करने की लगातार शिकायतें मिलती रही। इसी तारतम्य में मुड़पार ग्राम के ग्रामीणों को जानकारी मिली कि स्वागत गेट और नाली निर्माण के नाम पर 2 लाख 40 हजार चायत मुड़पार के लिए स्वीकृति मिली थी और बिना कार्य के ही राशि आहरण कर ली गई गयी। इस बात को लेकर पूर्व व वर्तमान सरपंच सचिव के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था ग्रामीणों ने जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में इस पूरे मामले को निष्पक्ष जांच करने की शिकायत की थी।

- मुड़पार पंचायत में स्वागत गेट और नाली निर्माण के नाम पर राशि आहरित करने का मामला उजागर




पूरे मामले की जांच करने जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक प्रधान ने टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। तदोपरांत जनपद के 3 अधिकारी गांव जाकर पंचायत खाते की जांच व स्थल निरीक्षण किया गया, जहां जांच में मामले का खुलासा हुआ। जांच अधिकारियों ने पाया कि वर्तमान सचिव छतराम साहू ने यह कारनामा किया है और बिना कार्य के ही बिल बाउचर लगाकर पंचायत के 2 लाख 40 हजार को अपने दूसरे ग्राम पंचायत मोहतरा स में ट्रांसफर कराकर गबन कर लिया। उक्त राशि वसूली के लिए जनपद पंचायत बिलाईगढ़ ने पंचायत सचिव छतराम साहू को तत्काल राशि वापस करने निर्देश जारी किए हैं।

### सामग्री निजी उपयोग में लेने की आशंका जताई

जांच टीम ने पाया कि ग्राम पंचायत मोहतरा स के सचिव छतराम साहू ने जानबूझकर जनपद पंचायत बिलाईगढ़ और ग्राम पंचायत मुड़पार के पंचायत प्रतिनिधियों को अंधेरा में रखकर बिना सूचना के बालाजी ट्रेडर्स सरसीवा का बिल बाउचर को बदल कर ओम नितिश प्रोविजन फर्म गोपालपूर वेंडर को राशि भुगतान कराया गया। इधर ओम नितिश प्रोविजन गोपालपुर ने जांच टीम को अपने लिखित बयान में कहा कि ओम नितिश प्रोविजन गोपालपुर के नाम से फर्म संचालित है, जिसमें मेरे फर्म में ग्राम पंचायत मोहतरा स द्वारा 1 लाख 60 हजार रु एवं 80 हजारा रु कुल 2 लाख 40 रु का भुगतान मेरे खाते में किया गया था। उक्त राशि को मोहतरा स के सचिव छतराम साहू द्वारा सामाग्री ले जायी गई। जांच टीम ने अपने अभिमत में कहा कि पंचायत मोहतरा स के सचिव छतराम साहू द्वारा ग्राम पंचायत मुडपार स के पूर्व सरपंच सचिव से प्राप्त प्रस्ताव व बिल बाउचर में भुगतान नहीं किया गया। छतराम साहू द्वारा निर्माण समाग्री ले जायी गई तथा कार्य स्थल पर समाग्री उपलब्ध नहीं पाया गया, जो कि छतराम साहू द्वारा उक्त निर्माण समाग्री को गबन कर निजी उपयोग करना प्रतीत होता है। इधर ग्राम पंचायत मुड़पार के सरपंच फूलबाई साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत मोहतरा स के सरपंच ने उक्त राशि को वापस करने की बात हुई है जैसे ही राशि खाते में आएगी कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

## पलारी नगर में मनाया गया माता पहुंचनी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सोमवार को नगर स्थित शीतला माता मंदिर सहित आसपास के गांवों में माता पहुंचनी का पर्व मनाया गया। बड़ी संख्या में माताएं अपने संतान की खुशहाल जीवन के लिए शीतला मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। माता की सेवा में मांदर की थाप पर दिन भर सेवा गीत गूंजता रहा। इससे नगर में भक्तिभाव का माहौल बना रहा। माता पहुंचनी के महत्व को नगर पुरोहित आचार्य राहुल महराज बतलाते हैं कि यह पर्व का कोई विशेष तिथि या मुहूर्त नहीं होता। मगर इसे सिर्फ आषाढ़ मास में ही मनाना श्रेष्ठ है। दिन की बात करे तो सोमवार व गुरूवार माता का वार होता इस दृष्टि से इन दिनों में मानना मां शीतला का पूजन करना उत्तम है। खुशहाली, निरोग काया का आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में सुबह से लेकर देर शाम तक लोग परिवार सहित मां शीतला मंदिर पहुंचते रहे। दर्शनार्थियों के हुजुम उमड़ने से शीतला मंदिर मार्ग पर दिन भर मेले जैसा माहौल रहा। घर से लाए अन्न, मिष्ठान, चना दाल, नारियल, नीम पत्र, ऋतुफल, श्रृंगार भेंट किया भक्तों ने तदुपरांत बैगा बाबा द्वारा हल्दी युक्त पानी का नीम के पत्ते से आशीष दिया गया ।

### शीतला माता से सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना

माता पहुंचनी जिसका विशेष महत्व है माना जाता है। माता पहुंचनी के दिन भक्त शीतला मंदिर पहुंचकर छोटी माता, गलवा माता और बड़ी माता, चेचक जैसे संक्रमित रोगों से निजात पाने के साथ ही सुख समृद्धि का मनोकामना लेकर यहां पूजा-अर्चना करते है। बच्चों को गर्मी के प्रकोप से होने वाली बीमारियों से बचाने माता की पूजा की जाती है व यहां के जल को फसलों पर छिड़कने से माता की कृपा से फसलों में घातक कीट व्याधियों का प्रकोप कम हो जाता है। पुरातन पंरपरा चली आ रही है जिस तरह से देवी-देवताओं का दिन विशेष है, सोमवार को भोलेनाथ, मंगलवार को भगवान हनुमान, बुधवार को श्री गणेश की पूजा होती है उसी तरह देवी आराधना के लिए गुरूवार का दिन शुभ माना जाता है। गुरूवार के अलावा सोमवार को भी मां शीतला का वार माना जाता है।

## शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व निकाली कलश यात्रा

**खरोरा।** नगर के वार्ड 15 सोमवारी बाजार स्थित नव-निर्मित शिव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार, 14 जुलाई को श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुईं। पूरे नगर में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयघोष के साथ शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। आयोजन समिति ने बताया कि महोत्सव के अगले चरण में 15 जुलाई को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 16 जुलाई को भगवान शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने समस्त नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों से आगामी धार्मिक आयोजनों में सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। श्रद्धालुओं में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।



# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए आवेदन 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ 2026 सीजन के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के किसानों से अपील की है कि इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव को देखते हुए सभी ऋणी एवं अऋणी किसान अपने फसलों का शत प्रतिशत बीमा अनिवार्य रूप से कराएं।

खरीफ 2026 हेतु अधिसूचित फसलें-धान सिंचित,असिंचित के अलावा फसल सोयाबीन, मक्का, अरहर, उड़द एवं कोदो भी अधिसूचना में शामिल है, जिसका भी कृषक बीमा करा सकते है।

फसल बीमा हेतु आवश्यक दस्तावेज-नवीनतम् आधार कार्ड की कॉपी,नवीनतम् भूमि प्रमाण पत्र,बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिसमें खाता क्रमांक एवं आई.एफ. सी. कोड,बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बुवाई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का घोषणा पत्र,किसान का वैध मोबाईल नम्बर,बंटाईदार,कास्त कार,साझेदार किसानों के लिए फसल साझा, कास्तकार का घोषणा पत्र।

फसल बीमा उपरांत फसल क्षति जानकारी दर्ज करने हेतु 72 घंटे के भीतर कृषि रक्षक पोर्टल व हेल्पलाईन नम्बर 14447 में कर सकते हैं। साथ ही किसान अपने क्षेत्रीय कृषि विभाग, राजस्व विभाग, संबंधित बैंक या बीमा कम्पनी को भी तय समय सीमा में सूचित कर सकते है।

### प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत किसानों के फसल के बाधित रोपाई, रोपण जोखिम, स्थानीय आपदाओं, फसल कटाई के उपरान्त होने वाले नुकसान से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना और खेती को एक सुरक्षित व लाभकारी व्यवसाय बनाना है।

### क्षतिपूर्ति राशि एवं बीमा प्रक्रिया

ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचालित रूप से कर दिया जाएगा, लेकिन अऋणी कृषकों को कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,बीमा कम्पनी के ब्लॉक प्रतिनिधि,ग्राहक सेवा केन्द्र, संबंधित बैंक से सम्पर्क कर बीमा करा सकते है। खरीफ वर्ष 2026 में मुख्य फसल धान सिंचित के लिए प्रति हेक्टेयर 66000 रूपये और धान असिंचित फसल के लिए 49500 रूपये प्रति हेक्टेयर की क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित की गई है, जिसकी प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत कृषक अंश के रूप धान सिंचित के लिए 1320 रुपये प्रति हेक्टेयर एवं धान असिंचित के लिए 990 रुपये प्रति हेक्टेयर होगी शेष प्रीमियम राशि केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा देय होगा।

## 35 छात्राओं को मिली सरस्वती योजना की साइकिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बिलाईगढ़ में अध्ययनरत कक्षा 9वीं की 35 छात्राओं को सत्र के प्रारंभ में ही सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति और पढ़ाई को भी नई गति मिलेगी।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पी. पी. जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे दूरदराज क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी और पढ़ाई के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा।

कार्यक्रम में कक्षा शिक्षिका स्वाति, वैजन्तीमाला, निर्मल टण्डन सर, विधायक प्रतिनिधि रामनारायण भट्ट, पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर कर्ष, उपाध्यक्ष ललित देवांगन, पत्रकार राजकुमार जांगड़े सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## शिविर में 100 से अधिक कर्मचारियों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें समय -सीमा की बैठक में आने वाले अधिकारियो एवं जनदर्शन में आने वाले ग्रामीणों ने निःशुल्क शुगर व बीपी की जांच कराई।

कलेक्टर शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अब हर मंगलवार को यहां स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए, जिसमें समय सीमा की बैठक में आने वाले अधिकारियों के साथ ही जनदर्शन में आने वाले लोगों का भी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच हो। जांच के साथ ही अस्पताल में उपलब्ध दवाई भी निःशुल्क दी जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से शिविर में जरुरत अनुसार शुगर व बीपी जांच कराने कहा।

स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपना शुगर और बीपी की जांच कराई। इसके साथ ही जनदर्शन में आये ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में निःशुल्क जांच का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की इस पहल का सराहना करते हुए अच्छी पहल बताया।



## हायर सेकंडरी मोहरा में हुआ युवा सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा (क) युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की स्मृति में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कसडोल के तत्वावधान में मोहतरा स्कूल में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश सहमंत्री (ए बी वी पी) अमन ब्रिज नामदेव विभाग संयोजक उदित भारद्वाज, जिला विद्यार्थी विस्तारक आशीष कुमार, जिला संयोजक मलय कुमार साहू आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संस्था प्रमुख चूडामणि साहू द्वारा विद्यार्थी को सोशल मीडिया के दुष्परिणाम व विकसित भारत में युवाओं के योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा रंगोली व भाषण प्रतियोगिता भी प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों की एकता से भारत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। सम्मेलन में नशा मुक्ति विकसित भारत में युवाओं का योगदान सोशल मीडिया के दुष्परिणाम जैसे थीम पर रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- सम्मेलन में छात्रों के बीच हुई भाषण और रंगोली प्रतियोगिता





उक्त प्रतियोगिता में कसडोल विकासखंड के अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश सह मंत्री (ए बी वी पी) अमन ब्रिज नामदेव, विभाग संयोजक उदित भारद्वाज जिला विद्यार्थी विस्तारक आशीष कुमार जिला संयोजक मलय कुमार साहू आदि अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

संस्था प्रमुख चूड़ामणि साहू द्वारा विद्यार्थी को सोशल मीडिया के दुष्परिणाम व विकसित भारत में युवाओं के योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ अन्य विद्यालय से आए शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### 19 जुलाई को होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

# धमधा राज की कार्यकारी राज प्रधान बनीं लक्ष्मी लता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

नरदाहा भवन में आयोजित केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक अनुशासन पर जोर दिया गया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने कहा कि समाज सर्वोपरि है और समाज से ऊपर कोई नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज के विरुद्ध सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का दुष्प्रचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में सामाजिक स्तर पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में पूर्व राज प्रधान सत्यभामा परगनिहा के त्यागपत्र के बाद महिला आरक्षण के तहत लक्ष्मी लता मनोज वर्मा (बेरला) को धमधा राज की कार्यकारी राज प्रधान नियुक्त किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सदन ने सर्वसम्मति से उनके नाम का अनुमोदन किया। साथ ही उन्हें शीघ्र नई कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।



बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 जुलाई को डॉ. खूबचंद बघेल जयंती के अवसर पर नवीन मार्केट में माल्यार्पण के बाद नरदाहा भवन में प्रतिभा एवं दानदाता सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रत्येक राज से 20-20 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। विशेष रूप से कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा समाज के विकास में योगदान देने वाले दानदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में सर्वसमाज के प्रमुख जन भी शामिल होंगे। समारोह के लिए समाज के लोगों को ग्राम प्रमुखों के माध्यम से आमंत्रण भेजे जा रहे हैं।

बैठक में महाअधिवेशन के आय-व्यय का ब्यौरा तथा अनिवार्य चंदा की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। सभी राज प्रधानों से 15 अगस्त तक अनिवार्य चंदा संग्रह पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

### ये हुए शामिल

बैठक में केंद्रीय संरक्षक डॉ. के.के. नायक, केंद्रीय सलाहकार तोरण नायक एवं रघुनंदन लाल वर्मा, केंद्रीय उपाध्यक्ष मोतीलाल वर्मा, मीना वर्मा एवं आर.सी. वर्मा, महामंत्री यशवंत वर्मा, कोषाध्यक्ष जागेश्वर बघेल, केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल सहित अनेक पदाधिकारी एवं विभिन्न राजों के प्रधान उपस्थित रहे। अंत में केंद्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप ने सामाजिक प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा समाज को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों से समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

